Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 14-12-2005
Participants : Mishra Dr. Rajesh Kumar

>

Title: Regarding need to provide financial assistance to the Government of Uttar Pradesh with a view to solve irrigation problem in Varanasi Parliamentary Constituency.

डॉ. राजेश मिश्रा (वाराणसी) : महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी की तीन विधान सभाओं क्रमशः कोलयला, गंगापुर एवं कैंट विधान सभा के ग्रामीण अंचल के किसानों की समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं। सिंचाई के साधनों के अभाव के चलते खेतों को पानी नहीं मिल पा रहा है, जिस कारण अभी तक खेतों में बुवाई नहीं हो पायी है। टयूब वैल की संख्या सीमित होने के साथ साथ किसानों को बिजली बराबर नहीं मिल रही है, जिस कारण ज्यादातर टयूब वैल काम नहीं कर रहे हैं। कम टयूब वैल और बिजली की पूर्ति बराबर न होने के कारण इस क्षेत्र का किसान बुरी तरह प्रभावित है। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि उक्त तीनों विधान सभा क्षेत्रों में नये टयूब वैल लगाने की व्यवस्था की जाये तथा इसके साथ ही साथ किसानों को बराबर बिजली की आपूर्ति की जाये ताकि वे समय पर अपनी फसल को बो सके।

केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त उद्देश्य को पूरा करने के लिए समुचित धन उपलब्ध करायें।

* Treated as laid on the Table.